# अयोध्या में एसआईटी टीम ने शुरू की जांच

## राम मंदिर के मामले में पीएमओ हुआ सक्रिय

- सात दिन में रिपोर्ट देगी टीम, उसके बाद ही होगा फैसला
- दान से जुड़े रसीद रिकॉर्ड, बैंक स्टेटमेंट की हुई जांच



**लखनऊ, 15 जून. अयोध्या में स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े कथित दान घोटाले और चढ़ावे की राशि में अनियमितताओं के मामले की जांच के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) अब सक्रिय रूप से मैदान में उतर चुका है.**

टीम के अयोध्या पहुंचते ही जांच प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है और कई स्तरों पर पूछताछ शुरू हो चुकी है. टीम में आईएएस अधिकारी विजय विश्वास पंत, आईपीएस अधिकारी किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन को शामिल किया गया है. इन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे दान की राशि, बैंक लेनदेन और ट्रस्ट से जुड़े वित्तीय रिकॉर्ड की गहराई से जांच करें. जांच दल को 7 दिन के भीतर प्रारंभिक रिपोर्ट और 15 दिन के भीतर अंतिम रिपोर्ट सरकार को सौंपनी है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि आरोपों में कितनी सच्चाई है. जांच के दौरान टीम ने स्थानीय प्रशासन, मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों और आरोपित व्यक्तियों से पूछताछ शुरू कर दी है. दान से जुड़े रसीद रिकॉर्ड, बैंक स्टेटमेंट और डिजिटल लेनदेन की भी जांच की जा रही है. एसआईटी का फोकस यह पता लगाना है कि क्या दान की राशि के प्रबंधन में किसी स्तर पर लापरवाही या जानबूझकर अनियमितता की गई है.

### एक नजर में

### फैजल खान ने मेरे भाई की हत्या करवाई : रोशन



पटना, 15 जून. ज्ञान बिंदु कोचिंग के निदेशक रौशन आनंद ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता में कई गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि उनके भाई प्रिंस की हत्या के पीछे एक साजिश थी. उन्होंने आरोप लगाया कि चर्चित शिक्षक फ़ैज़ल खान और किसान कोल्ड स्टोर के मालिक आर.एस. प्रसाद ने मिलकर उनके भाई की हत्या करवाई. रौशन आनंद ने कहा कि वह लंबे समय से इस मामले में न्याय की मांग कर रहे हैं और संबंधित एजेंसियों से निष्पक्ष जांच की अपेक्षा रखते हैं.

### कांगो में इबोला से 181 मौतें

किन्शासा, 15 जून. कांगो में अब तक इबोला से 181 मौतें हो चुकी है और पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 782 हो गयी है. कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार शाम को 'एक्स' पर यह जानकारी दी. कांगो में मामलों की संख्या इससे कहीं अधिक होने की आशंका है, क्योंकि इस बीमारी के फैलने की पुष्टि 15 मई को हुई थी. इसके अलावा, संक्रमितों के संपर्क में आये लोगों की तलाश की दर भी महज 56 फीसदी है. इबोला का यह नया प्रकोप दुर्लभ 'बुंडीबुग्यो वायरस' से फैला है. इसकी कोई स्वीकृत वैक्सीन या इलाज अभी उपलब्ध नहीं है. अब तक छप्पन लोग इस से ठीक हो चुके हैं और इस संक्रमण की वर्तमान मृत्यु दर 23 फीसदी है. यह संक्रमण मुख्य रूप से कांगो के पूर्वी प्रांत इतूरी में केंद्रित है, जहां से इबोला के 90 फीसदी से अधिक मामले सामने आये हैं. यह बीमारी सीमा पार कर युगांडा तक फैल गयी है.

### ईयू एवं अमेरिका की स्टारमर की घटती लोकप्रियता पर नजर

मॉस्को, 15 जून. यूरोपीय संघ और अमेरिका, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की गिरती लोकप्रियता पर नजर रखे हुए हैं और उन्होंने इस बात भी चिंता व्यक्त की है कि अगर श्री स्टारमर की जगह कोई इस पद पर आता है तो यूक्रेन और अमेरिका के साथ ब्रिटेन के रिश्तों पर क्या असर पड़ेगा. यह जानकारी पोलिटिको अखबार ने सोमवार को मौजूदा एवं पूर्व अमेरिकी और यूरोपीय संघ के राजनयिकों के हवाले से दी. मौजूदा और पूर्व राजनयिकों ने बताया कि प्रधानमंत्री पद पर श्री स्टारमर की साख गिरी है और उनके उत्तराधिकारी माने जा रहे मैनचेस्टर के मेयर एंडी बर्नहैम से क्या उम्मीद करनी चाहिए, इसका भी उन्हें कोई अंदाजा नहीं है. श्री स्टारमर यूक्रेन के साथ एकजुटता दिखाने और व्लादिमीर जेलेंस्की के साथ अच्छे संबंध बनाने के लिए अलग पहचान रखते हैं.

## विक्रम मजीठिया को अदालत ने दी अग्रिम जमानत



**चंडीगढ़, 15 जून.** शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को अमृतसर की अदालत से बड़ी राहत मिली है. मजीठा पुलिस थाने पर कथित हमले के मामले में अदालत ने उन्हें अग्रिम जमानत दे दी है. यह मामला 31 मई को हुए उस प्रदर्शन से जुड़ा है, जब मजीठिया और अकाली दल के कार्यकर्ता एक पार्टी कार्यकर्ता को कथित अवैध हिरासत में रखे जाने के विरोध में मजीठा थाने पहुंचे थे. पुलिस ने इस दौरान मजीठिया समेत कई लोगों पर थाने पर हमला करने और कानून-व्यवस्था भंग करने के आरोप में केस दर्ज किया था.

# 16 महीने बाद मिलेंगे पीएम मोदी और ट्रंप

- ट्रंप और मोदी की वैश्विक हालात में होगी अहम बैठक
- भारत-अमेरिका रिश्तों की नई परीक्षा



**नई दिल्ली, 15 जून. करीब 16 महीने बाद नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प की मुलाकात ऐसे समय में होने जा रही है, जब वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं.**

जी7 शिखर सम्मेलन के इतर प्रस्तावित यह बैठक भारत और अमेरिका के संबंधों के लिए अहम मानी जा रही है, क्योंकि पिछली मुलाकात के बाद दोनों देशों के सामने कई नई चुनौतियां और अवसर उभरे हैं. ट्रंप के जनवरी 2025 में राष्ट्रपति पद संभालने के बाद अमेरिका ने अपनी व्यापारिक नीतियों को और अधिक संरक्षणवादी बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए. इसका असर भारत सहित कई व्यापारिक साझेदार देशों पर पड़ा. आयात शुल्क, बाजार पहुंच और व्यापार संतुलन जैसे मुद्दों पर दोनों देशों के बीच समय-समय पर मतभेद भी सामने आए. पिछले 16 महीनों में पश्चिम एशिया की स्थिति भी तेजी से बदली है. ईरान से जुड़े तनाव और क्षेत्रीय संघर्षों ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों और आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित किया है.

> इसका असर भारत और अमेरिका दोनों की नीतियों पर पड़ा है. ऐसे में संभावना है कि दोनों नेता ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार मार्गों और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करें. कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन, महत्वपूर्ण खनिज और उभरती तकनीकों में सहयोग भी वार्ता का प्रमुख हिस्सा हो सकता है. दोनों देश पहले ही कई रणनीतिक पहलों पर साथ काम कर रहे हैं और इन्हें आगे बढ़ाने पर जोर दिया जा सकता है.



## पीओके में सेना की बर्बरता के खिलाफ ब्रिटेन संसद के बाहर जुटे कश्मीरी

**ब्रिटेन, 15 जून. पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पाकिस्तानी सेना प्रदर्शनकारियों का बर्बरता से दमन कर रही है। इस मानवाधिकार उल्लंघन और बल प्रयोग के खिलाफ हजारों ब्रिटिश कश्मीरी रविवार को लंदन में वेस्टमिंस्टर के पैलेस के बाहर एकत्रित हुए.**

प्रदर्शनकारियों ने इस मामले में अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप करने और जवाबदेही की मांग की. प्रदर्शनकारियों ने महिलाओं के उत्पीड़न, घायलों और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग पर चिंता जताई. अपनी मांगों के समर्थन में बैनर और तख्तियां लिए हुए प्रदर्शनकारियों ने अशांति से प्रभावित लोगों के लिए न्याय की मांग की.

## कल राहुल का रैली में छात्रों से आह्वान

**नई दिल्ली, 16 जून. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देशभर के युवाओं से छात्रों के हक की हुंकार बुलंद करने के लिए 17 जून को राजस्थान के कोटा में आयोजित 'छात्रों की गूंज' महारैली में पहुंचने का आह्वान किया है.**



गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पेपर लीक, हर रद्द परीक्षा और हर अधूरी भर्ती केवल व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि लाखों युवाओं के सपनों पर प्रहार है. उन्होंने कहा कि वह जानते हैं कि युवा थक चुके हैं और उनमें गुस्सा है, लेकिन जब सरकार सुनने को तैयार नहीं हो तो आवाज ऊंची करनी पड़ती है. उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से वह युवाओं को 17 जून को कोटा में होने वाली 'छात्रों की गूंज' महारैली के लिए आमंत्रित कर रहे हैं. गांधी ने कहा कि कोटा से शुरु होने वाली यह आवाज देश के हर कोने तक पहुंचेगी. उन्होंने युवाओं से बड़ी संख्या में महारैली में शामिल होकर अपने अधिकारों और भविष्य की लड़ाई को मजबूत करने का आह्वान किया.

उन्होंने कहा, 'यह आपके भविष्य की लड़ाई है और मैं आपके साथ हूं.



## ब्रजेश पाठक के कमरे में मचा हड़कंप

### विधानसभा में डिप्टी सीएम के कक्ष में आग

**लखनऊ, 15 जून.** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित विधानसभा भवन में सोमवार को एक अप्रत्याशित घटना ने कुछ समय के लिए हड़कंप मचा दिया. विधान भवन के प्रथम तल पर स्थित उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के कक्ष में लगे एयर कंडीशनर में अचानक आग लग गई. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी, जिससे एसी यूनिट से धुआं उठने लगा और कुछ ही क्षणों में आग की लपटें दिखाई देने लगीं. जानकारी मिलते ही विधानसभा के कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल कार्रवाई की.

## नीट परीक्षा : री-एग्जाम के झांसे में फंसाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 15 जून. अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने नीट री-एग्जाम का पेपर दिलाने के नाम पर छात्रों और अभिभावकों से ठगी करने वाले अंतरराज्यीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है.**

आरोपी टेलीग्राम चैनलों के जरिए फर्जी दावे कर एडवांस पैसे लेते थे और फिर गायब हो जाते थे. पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में नीट री-एग्जाम का प्रश्नपत्र असल में लीक नहीं हुआ था. जांच में यह पता लगने के बाद कि कुछ लोग टेलीग्राम के माध्यम से री-नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र और परीक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी होने का दावा कर रहे थे, मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया. भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 319(2) और 54 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 के तहत साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था. आरोपियों ने कई टेलीग्राम चैनल, टेलीग्राम आईडी और ऑनलाइन समूह बनाए थे, जिनमें री-नीट प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने संबंधी संदेश प्रसारित किए जाते थे.

परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों और उनके अभिभावकों को विज्ञापनों, पोस्ट और संदेशों के जरिए निशाना बनाया जाता था. इन माध्यमों से परीक्षा से संबंधित सामग्री और अन्य लाभ उपलब्ध कराने के दावे किए जाते थे. छात्रों और अभिभावकों से प्रश्नपत्र और गोपनीय जानकारी उपलब्ध कराने के नाम पर पैसे लिए जाते थे.

जांच एजेंसी का आरोप है कि इन चैनलों का उपयोग भ्रामक जानकारी फैलाने और वित्तीय धोखाधड़ी के लिए किया गया. जांच में सामने आया कि जैसे ही छात्र या अभिभावक आरोपियों के खाते में पैसे ट्रांसफर करते थे, आरोपी उनसे संपर्क समाप्त कर देते थे.

### आज का इतिहास

- 1779 : स्पेन ने ब्रिटेन के खिलाफ जंग का आगाज किया.
- 1903 : पेप्सी-कोला का ट्रेडमार्क आधिकारिक रूप से पंजीकृत किया गया.
- 1903 : प्रसिद्ध फोर्ड मोटर कंपनी की स्थापना हेनरी फोर्ड और 11 अन्य निवेशकों द्वारा की गयी.
- 1911 : न्यूयार्क में आईबीएम कंपनी की स्थापना.
- 1925 : राष्ट्रवादी नेता चितरंजन दास का निधन हुआ.
- 1963 : रूस की 26 वर्षीय अंतरिक्ष यात्री लेफ्टिनेंट वैलेनटीना तेरेशकोवा ने वोस्तोक 6 के जरिए अंतरिक्ष की उड़ान भरी. अंतरिक्ष की गहराइयों की ओर रवाना हुई.

## बांग्लादेशी पीएम के सलाहकार को दिल्ली एयरपोर्ट पर रोका

**नई दिल्ली, 15 जून. प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सूचना और प्रसारण और सांस्कृतिक मामलों के सलाहकार रविवार शाम दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे थे.**



वे नई दिल्ली में आयोजित होने वाले इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिकारियों की दो दिन की बैठक में शामिल होने आए थे जो सोमवार से शुरू होने वाली थी. उम्मीद थी कि वे इस बैठक में बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे. नई दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन ने शुक्रवार को ही भारतीय विदेश मंत्रालय को आधिकारिक तौर पर उनकी यात्रा की पूरी जानकारी दे दी थी. भारतीय विदेश मंत्रालय को बांग्लादेशी दूतावास की तरफ से बताया गया था कि तारिक रहमान के सलाहकार बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख के तौर पर बैठक में हिस्सा लेंगे. लेकिन रविवार शाम दिल्ली पहुंचने पर भारतीय इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें बिना किसी स्पष्ट कारण के ढाई घंटे तक रोके रखा.

## उद्धव ठाकरे खेमे में असंतोष की अटकलें तेज

### सांसदों की दूरी से बढ़ा उद्धव पर दबाव

**मुंबई, 15 जून. महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर संभावित सियासी बदलाव की चर्चा शुरू हो गई है.**

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा रविवार को अपने आवास 'मातोश्री' में आयोजित सांसदों की बैठक के बाद पार्टी के भीतर संभावित असंतोष और दल-बदल की अटकलों ने जोर पकड़ लिया है. चर्चा का केंद्र वे सांसद हैं, जिनमें नागेश पाटील आष्टीकर, राजाभाऊ वाजे और भाऊसाहेब वाकचौरे के नाम प्रमुखता से सामने आए हैं. राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि इन सांसदों को हाल के दिनों में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट के नेताओं के संपर्क में देखा गया. हालांकि इन दावों को लेकर आधिकारिक रूप से कोई पुष्टि नहीं हुई है. शिवसेना (यूबीटी) के लोकसभा में नौ सांसद हैं. रविवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में केवल चार सांसदों की प्रत्यक्ष मौजूदगी दर्ज की गई. शेष सांसदों के बारे में पार्टी का कहना है कि उन्होंने वीडियो माध्यम या दूरभाष के जरिए बैठक में भाग लिया. लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ऐसी परिस्थितियां अक्सर पार्टी के भीतर असंतोष या रणनीतिक दूरी की ओर संकेत करती हैं.

### हस्तियों के ट्वीट



माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला ने सोशल मीडिया एक्स पर आई-आधारित इकॉनमी में कंपनी के भविष्य के बारे में कई अहम बातें बताई उन्होंने एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि मैं एआई-आधारित इकॉनमी में कंपनी के भविष्य के बारे में बहुत सोच रहा हूँ. यह बदलाव पहले हुए किसी भी प्लेटफ़ॉर्म बदलाव से अलग है। पहले, हम इंसानी काबिलियत को बढ़ाने के लिए डिजिटल सिस्टम का इस्तेमाल करते थे.




देश के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नविन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि शारीरिक हमले डर और कायरता की निशानी हैं. उन्होंने लिखा कि उनकी पार्टी और कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे. नितिन नविन ने कहा कि मैं गांधी और अंबेडकर का अनुयायी हूँ और शांति, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा प्रेम के साथ यह लड़ाई आगे भी लड़ता रहूँगा.

## खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस, 31 की मौत

**इथियोपिया, 15 जून.** इथियोपिया के उत्तरी अमहारा क्षेत्र में एक भीषण बस दुर्घटना में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई है और दर्जनों अन्य घायल हो गए हैं। यह क्षेत्र संघर्ष से प्रभावित है, और दुर्घटना के बाद आपातकालीन प्रतिक्रिया में देरी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। यह दुर्घटना सोमवार की सुबह तब हुई जब एक खचाखच भरी बस डेसी क्षेत्र से राजधानी अदीस अबाबा की ओर जा रही थी.

## जी 7 समिट के खिलाफ बवाल टेस्ला वाहन को लगाई आग

- जी7 से पहले सड़कों पर हुआ उग्र प्रदर्शन



**जिनेवा, 15 जून. जी7 शिखर सम्मेलन से पहले जिनेवा में हुए विरोध प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया, जिससे शहर के कई हिस्सों में तनाव फैल गया.**

प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़पों के दौरान हालात इतने बिगड़ गए कि एक टेस्ला वाहन को आग लगा दी गई. घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं और प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई. प्रदर्शनकारी विभिन्न राजनीतिक, आर्थिक और पर्यावरणीय मुद्दों को लेकर अपनी नाराजगी जता रहे थे. शुरुआत में प्रदर्शन शांतिपूर्ण था, लेकिन बाद में कुछ समूहों और पुलिस के बीच टकराव हो गया. स्थिति बिगड़ने पर प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स हटाने और सड़कें अवरुद्ध करने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप किया. उग्र प्रदर्शनकारियों ने एक टेस्ला वाहन को निशाना बनाया और उसमें आग लगा दी.

## वैश्विक योग अभियान का नेतृत्व करेंगे मोदी

- लाख से अधिक प्रतिभागियों ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया
- विश्वभर में 2500 स्थानों पर समारोह आयोजित होंगे



**नई दिल्ली, 15 जून. आयुष मंत्रालय ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए कर्टन रेजर कार्यक्रम आयोजित किया.**

इस कार्यक्रम के साथ ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की ओर अग्रसर राष्ट्रव्यापी और वैश्विक समारोहों का औपचारिक शुभारंभ हुआ, जिसका समापन 21 जून को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम में होगा. केंद्रीय आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव मोनालिसा डैश, आयुष मंत्रालय के उप महानिदेशक सत्यजीत पॉल और पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक धीरेंद्र ओझा की उपस्थिति में मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित किया. प्रतापराव जाधव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का विषय, स्वस्थ आयु के लिए योग, वर्तमान शताब्दी की सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के साथ ही अनेक अवसरों का सृजन भी करता है.

> प्रतापराव जाधव ने कहा, विश्वभर में लोग पहले से कहीं अधिक दीर्घायु हो रहे हैं. हालांकि, असली चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि ये अतिरिक्त वर्ष स्वस्थ, सक्रिय, आत्मनिर्भर और सार्थक हों. योग शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करके, मानसिक कल्याण को बढ़ावा देकर और जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाकर स्वस्थ आयु की दिशा में एक सर्वकालिक और समग्र मार्ग प्रदान करता है.

### रेड अलर्ट | दिल्ली में आंधी-बारिश, मौसम विभाग का रेड अलर्ट

# बिहार से बंगाल तक भारी बारिश के आसार

**नई दिल्ली, 15 जून. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सोमवार को हुई हल्की बारिश और तेज आंधी ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई. रोहतक की ओर से दक्षिण-पूर्व दिशा में बढ़ रहे घने बादलों के प्रभाव से दिल्ली के अधिकांश हिस्सों में प्री-मॉनसून गतिविधियां दर्ज की गई.**



इसी को देखते हुए विभाग ने राजधानी के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.दिल्ली में 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं, जबकि कुछ स्थानों पर इनकी गति 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है. हालांकि बारिश के बावजूद आगामी 18 जून तक तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है और अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है. इस बीच दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने भी अपनी प्रगति तेज कर दी है. मौसम विभाग के अनुसार मॉनसून अब आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के कई नए क्षेत्रों में पहुंच चुका है. वर्तमान में मॉनसून की उत्तरी सीमा हरनई, सोलापुर, हैदराबाद, भद्राचलम, रांची और मुजफ्फरपुर से होकर गुजर रही है. अगले चार से पांच दिनों में इसके महाराष्ट्र, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और बिहार के अन्य हिस्सों तक पहुंचने की संभावना है. उत्तर-पूर्व भारत में भी भारी वर्षा का दौर जारी रहने के आसार हैं. उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में अगले छह से सात दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है.

## मेरठ होटल पर छापा मारते ही मची खलबली

**लखनऊ, 15 जून.** मवाना में मेरठ रोड स्थित इंद्रप्रस्थ होटल में पुलिस ने छापेमारी की। इससे वहां खलबली मच गई. पुलिस को वहां से तीन युगल मिले, जिनमें से दो युगल को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया, जबकि एक अधेड़ युगल को थाने ले जाया गया. पुलिस ने होटल के मैनेजर समेत दो व्यक्तियों को भी हिरासत में लिया.सीओ पंकज लवानिया के नेतृत्व में थानाप्रभारी निरीक्षक ब्रह्म कुमार त्रिपाठी और पुलिस बल ने रविवार सुबह करीब 11 बजे इंद्रप्रस्थ होटल में छापा मारा. इस दौरान एक कमरे में उम्रदराज युगल के अलावा दो युवक और दो युवतियां मिले. पुलिस ने उन्हें कोतवाली ले जाकर पूछताछ की. दो जोड़े प्रेमी युगल थे.


### कार्यालय नगर पालिका परिषद् सीहोर, जिला सीहोर (म.प्र.

क्रमांक/../सा.प्र./स्था.शाखा/2026 सीहोर, दिनांक../../2026

कार्यालय नगर पालिका परिषद् सीहोर के पत्र क्रमांक 350 दिनांक 21/01/2026, पत्र क्रमांक 1407 दिनांक 01/04/2026, संभागीय कार्यालय के पत्र क्रमांक /स.सं/स्था-2/सं.नि. (अ. प्ला.एक्स)/25/3131 दिनांक 17/12/2025 एवं संभागीय कार्यालय के पत्र क्रमांक /स.सं/स्था-2/सं.नि. (ट्रांस.प्र)/25/3186 दिनांक 23/12/2025 के अनुसार नगर पालिका परिषद् सीहोर हेतु निम्नलिखित पदों की आवश्यकता है. उक्त पदों पर संविदा आधार पर नियुक्ति की जाना है. भरती संबंधी विवरण निम्नानुसार है :-

| पदनाम | पद संख्या | | | | योग | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता | देय मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा | अ.पि.व. | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| फाइनेंशियल एनालिस्ट | 1 | - | - | - | 1 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में उपाधि तथा सी.ए./एम.बी.ए. (वित्त) एवं 03 वर्ष का अनुभव | 20,000/- |
| अर्बन प्लानिंग एक्सपर्ट | 1 | - | - | - | 1 | बी.प्लान/बी.आर्क/बी.टेक (सिविल) तथा मास्टर ऑफ प्लानिंग- अर्बन प्लानिंग / रीजनल प्लानिंग / ट्रांसपोर्ट प्लानिंग / हाउसिंग / पर्यावरण प्लानिंग / इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग / अर्बन एवं रीजनल प्लानिंग और समकक्ष एवं 03 वर्ष का अनुभव | 30,000/- |
| सामुदायिक प्रबंधक | 1 | - | - | - | 1 | एम.ए. (समाजशास्त्र / सामुदायिक विकास) / एम.एस.डब्ल्यू/एम कॉम. / मास्टर इन कम्युनिकेशन एवं 03 वर्ष का अनुभव | 20,000/- |
| सिस्टम प्रोग्रामर | 2 | - | - | - | 2 | बी.सी.ए./बी.ई. (कम्प्यूटर) एवं 02 वर्ष का अनुभव | 15,000/- |
| कम्प्यूटर ऑपरेटर | 4 | 1 | - | 1 | 6 | पी.जी.डी.सी.ए. तथा कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणी परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र एवं 01 वर्ष का अनुभव | 8,000/- |
| जूनियर इंजीनियर (सिविल) | 1 | - | - | - | 1 | संबंधित क्षेत्र में इंजीनियरिंग में डिप्लोमा एवं 02 वर्ष का अनुभव | 10,000/- |
| केमिस्ट | 1 | - | - | - | 1 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एस.सी. (रसायन शास्त्र) एवं 01 वर्ष का अनुभव | 10,000/- |

(1) निर्धारित आयु सीमा न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 64 वर्ष. (2) आवेदन शुल्क 100 बैंक ड्रॉफ्ट (मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीहोर के नाम पर सीहोर में देय). (3) आवेदन प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 25 जून 2026. (4) आवेदन भेजने का पता मुख्य नगर पालिका अधिकारी, कार्यालय नगर पालिका सीहोर, जिला चिकित्सालय के सामने सीहोर, जिला सीहोर (म.प्र.) 466001. (5) अन्य आवश्यक विवरण आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता व अनुभव सम्बन्धी सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्वयं सत्यापित प्रमाण पत्र, आवेदन शुल्क का DD. रोजगार पोर्टल का जीवित पंजीयन, फोटो एवं निवास संबंधी सत्यापन हेतु आधार कार्ड / PAN कार्ड/राशन कार्ड/की सत्यापित प्रति. आवेदन का प्रारूप के लिए कार्यालय नगर पालिका सीहोर में संपर्क करें.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् सीहोर